दिन– शुक्रवार दिनांक– 22/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश की चार विधानसभा सीट बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कल सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। दोपहर बाद तक नतीजे आने की संभावना है। इन चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन से राजद के तीन और भाकपा माले का एक उम्मीदवार है। वहीं, एनडीए खेमे से भाजपा दो सीट पर जबकि जदयू और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा एक–एक सीट पर चुनावी मैदान में है। बहुजन समाज पार्टी ने दो, जबकि जनसुराज पार्टी ने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र उपचुनाव के लिए कुल सत्रह उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक किसी भी उम्मीदवार ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। उपचुनाव में जदयू से अभिषेक झा, राजद से गोपी किशन और जन सुराज पार्टी से विनायक गौतम प्रमुख उम्मीदवार हैं। उपचुनाव को लेकर पांच दिसम्बर को मतदान होगा, जबकि नौ दिसम्बर को मतों की गिनती की जायेगी। देवेश चन्द्र ठाकुर के लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है।

———————————————————————

राज्य के सरकारी प्रारंभिक और माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए शिक्षा विभाग ने आज नया दिशा–निर्देश जारी किया है। प्राथमिक शिक्षा विभाग के निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि विशेष समस्या से ग्रस्त शिक्षक स्थानांतरण के लिए ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर एक दिसम्बर से पंद्रह दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि असाध्य रोगों जैसे कैंसर, किडनी, हार्ट और लीवर की बीमारियों से ग्रस्त शिक्षकों का स्थानांतरण किया जाएगा। वहीं, मानसिक दिव्यांगता के आधार पर भी स्थानांतरण हो सकेगा।

———————————————————————————————

वित्त मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में बिहार की महत्वाकांक्षी कोसी–मेची लिंक परियोजना पर सार्वजनिक निवेश बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्त मंत्रालय के सचिव और वरीय अधिकारियों के साथ बिहार के जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की इस परियोजना से सुपौल, सहरसा, मधुबनी, खगड़िया और कटिहार जिले को बाढ़ से राहत मिलेगी। वहीं, लगभग दो लाख पंद्रह हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ग्रामीण कार्य विभाग की लगभग नौ हजार करोड़ रुपये की लागत वाली छह हजार से अधिक योजनाओं का पटना से रिमोट के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। उद्घाटन की गई योजनाओं में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत नौ सौ तिरासी करोड़ रुपये की लागत से सात सौ तिरेसठ सड़कों और चार पुलों का निर्माण किया गया है। वहीं, शिलान्यास के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत एक हजार आठ सौ चौबीस करोड़ रुपये की लागत से चौदह सौ से अधिक सड़कों और पांच पुलों का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवगमन और सुगम होगा।

———————————————————————————————

गया स्टेशन के पुनर्विकास के कारण चौबीस नवम्बर से सात जनवरी तक ब्लॉक लिया गया है। इस कारण कई रेलगाड़ियों के परिचालन में अस्थाई बदलाव किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि पटना–गया–पटना मेमू, गया–किऊल पैसेंजर, जमालपुर–सहरसा पैसेंजर, गया–झाझा पैसेंजर समेत सत्रह ट्रेनें चौबीस नवम्बर से सात जनवरी तक रद्द रहेंगी। वहीं, नौ ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा। श्री चंद्र ने बताया कि आज से पांच जनवरी तक मगध एक्सप्रेस का आंशिक समापन इस्लामपुर की जगह पटना जंक्शन पर होगा।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।